विचार–प्रवाह...
मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 4 फरवरी 2025



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0°

82924.41

2 ट्रंप की धमकी के आगे झुका पनामा

7 विवाद की खबरें मात्र झूठ हैं

# षड्यंत्र की बू, शर्म से झुकना होगा

## महाकुंभ की भगदड़ पर संसद में बोले रविशंकर प्रसाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र का सोमवार को तीसरा दिन है। वहीं, महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर विपक्ष सदन में चर्चा की मांग कर रहा है। बता दें कि संसद की कार्यवाही की शुरुआत होती ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सांसद, महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर सदन में चर्चा की मांग कर रहे हैं।

बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण को लेकर कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने टिप्पणी की थी। सोनिया गांधी ने कहा था कि अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति काफी थक चुकी थीं। पुअर लेडी। इस दौरान सोनिया गांधी के साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद थे। सोनिया गांधी की इस टिप्पणी को लेकर लोकसभा में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति का अपमान किया। राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर घूमते हैं, लेकिन उन्होंने संविधान के संरक्षक का ही अपमान किया है। कांग्रेस की वरिष्ठ सांसद सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने महाकुंभ भगदड़ मामले पर कहा, कुंभ में जो महान आयोजन चल रहा है, उसका भी जिक्र राष्ट्रपति जी ने किया। अभी तक 35 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। भगदड़ की जांच चल रही है। भगदड़ में षडयंत्र की बू आ रही है। जब जांच पूरी होगी तो ऐसा करने वालों को शर्म से झुकना होगा। ये कुंभ का नाम सुनते ही उनको परेशानी क्यों हो जाती है।

महाकुंभ भगदड़ मामले को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के खिलाफ राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, हम एक घंटे के लिए सदन से वॉकआउट कर गए। हम फिर से वापस आएंगे और इस मुद्दे को उठाएंगे। हमें फोन आ रहे हैं, लोग रो रहे हैं, वे अपने परिवारों से नहीं मिल पा रहे हैं। हम जानना चाहते हैं कि 30 मृतकों की सूची क्यों जारी नहीं की गई।

महाकुंभ भगदड़ मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, यह घटना प्रशासन के कुप्रबंधन के कारण हुई।

### ये लोग महाकुंभ हादसे का इंतजार कर रहे थे: दिनेश शर्मा

भाजपा सांसद और यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ये लोग महाकुंभ में किसी घटना के होने का इंतजार कर रहे थे ताकि वे उस पर राजनीति कर सकें। वहां जो घटना हुई वह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी जांच चल रही है।



### लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

विपक्ष का आरोप है कि यूपी की योगी सरकार मृतकों का सही आंकड़ा छिपा रही है और सरकार को मृतकों की पूरी लिस्ट जारी करना चाहिए। बता दे, राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की शुरुआत हुई थी। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होती ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों से अपील की प्रश्नकाल के दौरान इस तरह का व्यवहार न करें। लोकसभा में महाकुंभ भगदड़ को लेकर विपक्षी सांसद लगातार हंगामा कर रहे हैं। हंगामे के बीच लोकसभा स्पीकर ने सांसदों से कहा, श्माननीय सदस्यगण, जनता ने आपको टेबल तोड़ने के लिए यहां नहीं भेजा है। स्पीकर ओम बिरला ने एनके प्रेमचंद्रन और कीर्ति आजाद का नाम लेकर कहा कि आप मुझसे कहते हो कि महत्वपूर्ण सवाल पूछना है और अपनी सीट पर नहीं बैठते हो।

### खरगे ने महाकुंभ में 1000 लोगों की मौत की किया दावा

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, ष्मैं महाकुंभ में हुई भगदड़ पर बोलना चाहता हूं। इतने सारे लोगों ने अपनी जान गंवा दी। मेरा कहना है कि वहां (महाकुंभ भगदड़ में) एक हजार लोग मारे गए, अगर आप कहते हैं कि मैं गलत हूं तो कम से कम वहां हुई मौतों की सही संख्या की रिपोर्ट जारी कर दें। उन्होंने कहा कि, मोहन भगवत ने कहा की देश को आजादी मिली जब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान हुआ। ये देश के सारे स्वत्रंत्रता सेनानियों का अपमान है। ये गांधी जी का अपमान है। देश को आजादी हमने दिलाई। मोहन भगवत और मोदी जी माफी मांगें। मोहन भगवत अपने शब्द वापस लें।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी हमला, रिटायर्ड सैनिक की गोली लगने से मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों ने भूतपूर्व सैनिक मंजूर अहमद वगे के घर पर हमला किया। हमले में मंजूर अहमद उसकी पत्नी और बेटी तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मंजूर अहमद की मृत्यु की पुष्टि करते हुए बताया कि उसे जब श्रीनगर अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। यह घटना कुलगाम के बेहीबाग इलाके में हुई है।

### दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सोमवार को चुनाव प्रचार थम गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी। दिल्ली में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मतों की गिनती और परिणामों की घोषणा 8 फरवरी को होगी। केजरीवाल नई दिल्ली विस सीट से चौथी बार चुनावी मैदान में हैं।

# मेक इन इंडिया अच्छा, लेकिन पीएम मोदी की कोशिश फेल

## चीन और विदेश मंत्री को लेकर राहुल के बयान पर संसद में मचा बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद में चल रहे बजट सत्र के दौरान आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। इस बीच विपक्ष ने महाकुंभ मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिश की। भाजपा सांसदों के भाषण के बाद राहुल गांधी ने बोलना शुरू किया तो उन्होंने बजट पर सरकार को घेरा।

राहुल ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कुछ भी नया नहीं था। उन्होंने कहा कि इस भाषण में बेरोजगारी और युवाओं का कोई जिक्र नहीं था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मेक इन इंडिया की बात करते हैं, ये आइडिया भी अच्छा था और पीएम ने कोशिश भी की लेकिन सब कुछ फेल रहा। राहुल ने आगे कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग 60 साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। राहुल ने फोन दिखाते हुए कहा कि हम कहते हैं कि ये भारत में बन रहे हैं, लेकिन इसके पार्ट चीन से आते हैं और सिर्फ असेंबल होते हैं। उन्होंने कहा कि हमने केवल कंजम्पशन पर फोकस किया, जिससे असामनता बढ़ी है।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से 5 महीने पहले 70 लाख वोटर्स जुड़ गए। महाराष्ट्र के शिरडी की 1 बिल्डिंग में 7000 लोगों के नाम जोड़े गए। वोटरों की लिस्ट में कुछ तो समस्या है। महराष्ट्र में 5 महीनों में लाखों वोटर जुड़ गए। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है चुनाव से पहले आप सभी 400 पार कह रहे थे और आप कह रहे थे कि आप संविधान बदल देंगे। फिर मुझे यह देखकर खुशी हुई कि प्रधानमंत्री अंदर आए और संविधान के सामने अपना सिर झुकाने के लिए मजबूर हो गए।

### राहुल के बयान पर जब संसद में मचा बवाल

भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि चीन के मामले पर सेना और सरकार के बयान अलग है। चीन हमारी सीमा में घुसा हुआ है। सेना प्रमुख ने कहा है कि चीन हमारी सीमा में घुसा हुआ है। पीएम मोदी सेना की बात नहीं मानते हैं। राहुल के इस बयान पर भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताई। किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी कोई ठोस सबूत पेश करें। राहुल ने आगे कहा हम अपने विदेश मंत्री को तीन बार अमेरिका भेज चुके हैं ताकि प्रधानमंत्री को न्यौता मिले।

# अमेरिका यात्रा को लेकर झूठ बोल रहे राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण को लेकर ऐसा दावा किया कि सदन में हंगामा मच गया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर को लेकर गंभीर आरोप लगाए। वहीं अब इस पर विदेश मंत्री जयशंकर का बयान भी आ गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान राजनीति से प्रेरित है। जयशंकर ने कहा कि दिसंबर 2024 का अमेरिका दौरे के वक्त वह बाइडन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिलने गए थे।

एस जयशंकर ने कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिसंबर 2024 के मेरे अमेरिका दौरे के बारे में जानबूझकर झूठ बोला। मैं बाइडन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिलने गया था। साथ ही हमारे महावाणिज्य दूत की एक सभा की अध्यक्षता भी की। जयशंकर ने आगे कहा कि मेरे प्रवास के दौरान नामित एनएसए सदस्य ने भी मुझसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री को निमंत्रण मिलने से जुड़ी कोई चर्चा नहीं हुई। ये सामान्य ज्ञान है कि पीएम ऐसे कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते। वास्तव में, भारत का प्रतिनिधित्व आम तौर पर विशेष दूतों द्वारा किया जाता है।

जयशंकर ने कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है। लेकिन विदेश में इससे भारत की छवि को नुकसान पहुंचता है।

### विवाद

■कांग्रेस नेता के बयान पर भड़के विदेश मंत्री जयशंकर?

**क्या बोले थे राहुल गांधी?**

राहुल ने कहा कि अगर अमेरिका की बात करें, तो अमेरिका के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण का निमंत्रण प्रधानमंत्री को दिलाने के लिए हम अपने विदेश मंत्री को नहीं भेजते। हम उन्हें 3–4 बार अमेरिका नहीं भेजते कि प्लीज हमारे प्रधानमंत्री को निमंत्रण भेजिए।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# केजरीवाल ने कोई वादा नहीं पूरा किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■आप पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हमला

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के जंगपुरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आम आदमी पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय गृह मंत्री कहा अमित शाह ने कि 10 वर्षों तक केजरीवाल और उनके चट्टे–बट्टों ने दिल्ली को भ्रष्टाचार, कूड़ा–कचरा, जहरीला पानी, तुष्टिकरण और धोखा ही दिया है।

शाह ने कहा, कनेक्टिविटी के नाम पर ऐसी सड़कें दीं कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, ये पता ही नहीं चलता। पाइप के माध्यम से ये प्रदूषित पानी भेजने का काम कर रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर 65,000 फर्जी टेस्ट कराने का घोटाला इन्होंने किया। बारिश में बिजवासन तो छोड़िए, बल्कि आधी दिल्ली तालाब बन जाती है। केजरीवाल ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया, इसलिए आज आप के 50 प्रतिशत से ज्यादा विधायक इन्हें छोड़ चुके हैं। केजरीवाल जी, आपके यहां ये भगदड़ क्यों मची है? केजरीवाल स्वयं चुनाव हार रहे हैं।

# ट्रंप की धमकी के आगे पनामा ने टेके घुटने

रिपोर्ट

## चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट को आगे न बढ़ाने का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पनामा सिटी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पनामा नहर पर कब्जे में लेने की बार–बार की धमकियों के बाद पनामा ने बड़ा कदम उठाते हुए चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव से हटने का फैसला किया है। मुलिनो ने कहा कि उनका देश चीन की बीआईआई परियोजना के साथ अपने समझौते को समाप्त होने पर इसे नवीनीकृत नहीं करेगा। इस तरह पनामा चीन की बेल्ट और रोड पहले से हटने वाला पहला लैटिन अमेरिकी देश बन गया है। राष्ट्रपति मुलिनो ने अमेरिकी विदेश मंत्री मारको रुबियो के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की है।

पनामा के राष्ट्रपति ने यह भी कहा है कि उनका देश यह जांच करेगा कि क्या वह चीन के साथ बीआरआई समझौते को पहले समाप्त कर सकता है। चीन अपनी बीआरआई परियोजना के तहत बुनियादी ढांचा और विकास



परियोजनाओं को बढ़ावा और उनकी फंडिंग करता है। हालांकि,आलोचकों का कहना है कि इससे गरीब सदस्य देश चीन के भारी कर्ज में डूब जाते हैं। भारत का पड़ोसी श्रीलंका इसका उदाहरण है।

रिपोर्ट के अनुसार, मुलिनो ने कहा कि पिछले प्रशासन के दौरान चीन और पनामा के बीच हुए एक व्यापक समझौता को नवीनीकृत नहीं किया जाएगा। मुलिनो ने कहा कि अगले एक से दो वर्षों में समझौते का नवीनीकरण किया जाना है और उनकी सरकार इसे पहले समाप्त करने की संभावना का मूल्यांकन करेगी। उन्होंने कहा, हम इसे जल्दी समाप्त करने की संभावना का अध्ययन करेंगे। पनामा की पिछली सरकार ने 2017 में चीन की पहल में शामिल होने का फैसला किया था।

इस बीच अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो से रविवार को कहा कि मध्य अमेरिकी सहयोगी को पनामा नहर क्षेत्र पर चीन के प्रभाव को तुरंत कम करना चाहिए, अन्यथा अमेरिकी प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। मुलिनो ने कहा कि रुबियो ने नहर पर पुनः कब्जा करने या बल प्रयोग करने की कोई वास्तविक धमकी नहीं दी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मांग की है कि नहर का नियंत्रण वापस अमेरिका को सौंप दिया जाना चाहिए। रुबियो ने ट्रंप की ओर से मुलिनो से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रारंभिक रूप से यह निर्धारित किया है कि नहर क्षेत्र में चीन की उपस्थिति उस संधि का उल्लंघन करती है जिसके तहत अमेरिका ने 1999 में जलमार्ग को पनामा को सौंपा था। उस संधि में अमेरिकी निर्मित नहर में स्थायी तटस्थता की बात कही गई है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा, मंत्री रुबियो ने स्पष्ट किया कि यह यथास्थिति अस्वीकार्य है और तत्काल परिवर्तन न किए जाने की स्थिति में अमेरिका को संधि के तहत अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

## न्यूज डायरी



### चीन–कनाडा के बाद अब यूरोप को ट्रंप ने दी टैरिफ लगाने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया में ट्रेड वॉर की शुरुआत कर दी है। मेक्सिको और कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने के एक दिन बाद अब ट्रंप ने यूरोपीय यूनियन को धमकी दी है। ट्रंप ने कहा कि हम यूरोपीय संघ से आने वाले सामानों पर बहुत जल्द टैरिफ लागू करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम निश्चित तौर पर यूरोपीय संघ पर नए टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने कहा, यूरिपीय संघ ने हमारा फायदा उठाया है और हम जल्द हिसाब लेंगे। मैं यह नहीं कहूंगा कि कोई समयसीमा है, लेकिन बहुत जल्द टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने पहले भी यूरोपीय संघ पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। हाल ही में शुक्रवार को भी उन्होंने कहा था कि वह जल्द ही इसे लागू करेंगे। ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ ने हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया है। ट्रंप के ट्रेड वॉर की धमकियों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि इससे अमेरिका की वृद्धि धीमी होने और कीमतें बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर, यूरोपीय संघ ने भी कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ लगाते हैं तो वो भी दृढ़ता से इसका जवाब देगा। ट्रंप ने कहा कि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर उनके टैरिफ से अमेरिकियों को आर्थिक दर्द महसूस हो सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि अमेरिकी हितों को सुरक्षित रखने के लिए यह कीमत चुकाने लायक होगा।

### सऊदी अरब और इजरायल में पहली बार होगी दोस्ती?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका के दौरे पहुंच गए हैं। गाजा और लेबनान में युद्ध तथा सीरिया में तख्तापलट के बाद पूरे पश्चिम एशिया में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ट्रंप के सत्ता में आने से पहले हमास और इजरायल के बीच सीजफायर हुई है और कई बंदियों की रिहाई भी हुई है। इससे अब उम्मीद बनने लगी है कि खाड़ी देशों में शांति आएगी। इस बीच नेतन्याहू ने अमेरिका पहुंचने से ठीक पहले एक बड़ा बयान दिया है। इजरायली पीएम ने कहा कि ट्रंप के साथ सऊदी अरब के साथ रिश्ते सामान्य बनाने को लेकर बहुत अहम बैठक होने जा रही है। इसके अलावा बंधकों की रिहाई पर भी नेतन्याहू और ट्रंप के बीच चर्चा होगी। अमेरिका पहुंचने पर नेतन्याहू का वॉशिंगटन में जोरदार स्वागत किया गया। नेतन्याहू ने उड़ान भरने से ठीक पहले कहा था, यह बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक है। वास्तव में राष्ट्रपति ट्रंप की शपथ ग्रहण करने के बाद पहली बार किसी विदेशी नेता से मुलाकात हो रही है। इसीलिए यह इजरायल और अमेरिकी गठबंधन का गवाह है। यह हमारे निजी संबंधों की ताकत का गवाह है। नेतन्याहू ने कहा कि वह राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हमास के खिलाफ जारी युद्ध, सभी बंधकों की रिहाई और ईरान के आतंकी एक्सिस पर चर्चा करेंगे। इजरायली पीएम ने कहा कि इस मुलाकात में ट्रंप के साथ सऊदी अरब के साथ रिश्ते सामान्य करने को लेकर बातचीत करेंगे।

### बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढ़ती दोस्ती भारत के लिए बन रही खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश से शेख हसीना और उनकी अवामी लीग सरकरा के सत्ता से बाहर होने के बाद ढाका ने राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से नया मोड़ लिया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पूरी तरह से कट्टरपंथियों के सामने बिछ गई है। देश में एक महत्वपूर्ण बदलाव के तहत पाकिस्तान के लिए दरवाजे पूरी तरह खोल दिए गए हैं। पिछले महीने बांग्लादेश के एक शीर्ष जनरल की पाकिस्तान यात्रा और उसके ठीक बाद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के चीफ की ढाका यात्रा इसका सबूत है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के रिश्ते 1972 के मुक्ति संग्राम के बाद से ही खराब रहे हैं। मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तान की सेना पर उस समय बांग्लादेश में 30 लाख बंगालियों का नरसंहार और दो लाख बंगाली महिलाओं के बलात्कार का आरोप लगा था। अब यूनुस सरकार के आने पर उसी पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों का ढाका में स्वागत हो रहा है। ढाका के नए शासन की पाकिस्तान से नजदीकी ने भारत के क्षेत्रीय प्रभुत्व के सामने भी चुनौती पेश की है।

## पाकिस्तानियों की हरकत पर सऊदी अरब हुआ सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। हज या उमराह के नाम पर सऊदी अरब जाने और वहां पहुंचकर भीख मांगने के काम में लग जाने की पाकिस्तानियों की हरकत पर सऊदी शासन सख्त हो गया है। सऊदी अरब ने ऐसे पाकिस्तानियों को पकड़कर वापस उनके देश भेजना शुरू कर दिया है। हाल ही में ऐसे कई पाकिस्तानियों को वापस भेजा गया है, जिसके बाद इस्लामाबाद की किरकिरी हो रही है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि विदेश में जाकर भीख मांगने वाले लोग देश की बदनामी करा रहे हैं, जो उमराह या हज के लिए सऊदी अरब जाने वाले सही तीर्थयात्रियों के लिए भी मुश्किल पैदा कर रहा है। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी ने पुष्टि की है कि सऊदी अरब से 10 संदिग्धों को निर्वासित किया गया है, जो उमराव वीजा पर सऊदी अरब गए थे, लेकिन उन्हें वहां भीख मांगते पकड़ा गया। रियाद ने पिछले साल कई बार इस्लामाबाद के साथ भिखारियों को सऊदी अरब पहुंचने के मुद्दे को उठाया था। नवम्बर 2023 में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सऊदी अरब को बताया था कि भीख मांगने के लिए उमराह या हज वीजा का इस्तेमाल करने वाले पाकिस्तानियों के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी प्रभावी कार्रवाई चल रही है।



गाजा में भूखे रहना, पिंजरे में सोना, नींद की गोलिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। गाजा पट्टी में हमास की कैद में इजरायली बंधकों को बेहद ही भयावह हालात में रखा गया था। हाल ही में रिहा हुए बंधकों ने कैद में झेली गई क्रूर स्थितियों का खुलासा किया है। रिहा हुए लोगों के परिवारों ने बताया कि बंधकों को पिंजरों में कैद करके रखा जाता था। उन्हें गीले कपड़ों में ही नहलाया जाता था। बंधकों को कभी नियमित रूप से खाना नहीं मिला था, जिसके चलते उनके वजह काफी कम हो गए। वहीं, शाकाहारी लोगों को भी मांस खाने पर मजबूर किया गया। रिहा किए गए बंधकों में से एक कीथ सीगल का वजन काफी कम हो गया है। इजरायली मीडिया आउटलेट छ12 ने परिवार के हवाले से बताया कि सीगल को अक्सर भूखा रहना पड़ता था। आजीवन शाकाहारी रहने वाले सीगल को जिंदा रहने के लिए मांस खाने को मजबूर होना पड़ा।

## कांगो में गृहयुद्ध तेज तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■कांगो में गृहयुद्ध में मारे गए 773 लोग

जोहानिसबर्ग। रवांडा समर्थित एम23 विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के गोमा पर कब्जा कर लिया है और वे नियंत्रण क्षेत्र का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। लड़ाई के दौरान गोमा और उसके आसपास 773 लोग मारे गए। हालात को देखते हुए कांगो के किंशासा में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में बुकावु में सभी भारतीय नागरिकों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है।

कांगो में लगभग 1,000 भारतीय नागरिक हैं। एम23 के बुकावु से केवल 20–25 किलोमीटर दूर होने की खबरें हैं। बुकावु में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सलाह है कि वे हवाई अड्डों, सीमाओं और वाणिज्यिक मार्गों से होते हुए जो भी उपलब्ध साधन हों, तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। आपातकालीन योजना तैयार करें। हर समय आवश्यक पहचान और यात्रा दस्तावेज साथ रखें। दवा, कपड़े, यात्रा दस्तावेज, खाने के लिए तैयार भोजन, पानी जैसी वस्तुएं एक बैग में रखें जिससे सुविधा हो। इसके साथ ही हर अपडेट के लिए स्थानीय मीडिया चौनलों पर नजर रखें।

भारतीय दूतावास ने यह भी कहा कि वह बुकावु में भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र कर रहा है और उनसे तत्काल प्रासंगिक जानकारी जैसे पूरा नाम, पासपोर्ट नंबर, कांगो और भारत में पते, संपर्क नंबर और अन्य विवरण भेजने के लिए कहा है। नए परामर्श में भारतीय नागरिकों के लिए एक नंबर (243 890024313) और एक मेल आईडी भी दी गई है, जिससे वे आपातकालीन स्थिति में संपर्क कर सकें।

कांगो के पूर्व में मौजूद सबसे बड़े शहर गोमा और आसपास के क्षेत्रों में एम23 विद्रोहियों के साथ संघर्ष तेज हो गया है। संघर्ष में एक हफ्ते के भीतर कम से कम 773 लोग मारे गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, एम23 विद्रोही समूह व आरडीएफ ने बुकावु शहर की ओर अपना मार्च जारी रखा है, जिन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में प्रांतीय राजधानी गोमा पर नियंत्रण कर लिया था।

### यूएई के बिग टिकट ड्रॉ में चमकी भारतीय की किस्मत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। कतर में रहने वाले मंजू अजित कुमार ने यूएई के बिग टिकट ड्रॉ में 10 लाख दिरहम (यूएई की करेंसी) जीते हैं। यह रकम भारतीय करेंसी में 2 करोड़, 37 लाख रुपए से ज्यादा है। केरल से ताल्लुकल रखने वाले 53 वर्षीय मंजू ने जनवरी महीने के आखिरी साप्ताहिक ई–ड्रॉ में ये इनाम जीता है। पेशे से अकाउंटेंट कुमार पिछले 20 सालों से कतर में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। कुमार लंबे समय से ड्रॉ के टिकट खरीद रहे थे लेकिन पहली बार उनका इतना बड़ा इनाम निकला है। मंजू कुमार ने 10 साल पहले बिग टिकट का विज्ञापन देखकर इस लॉटरी के बारे में जाना था। पिछले पांच वर्षों से वह अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर हर महीने टिकट खरीदते हैं। मंजू का कहना है कि उन्होंने इस दफा अकेले टिकट खरीदा और किस्मत ने उनका साथ दिया। उनका 10 लाख दिरहम का इनाम निकला है।


**Page Three**

**Classified**

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारीः जिलाधिकारी

**जन संवाद**

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कुल 25 समस्याएं दर्ज

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर फरियादियों ने शिकायत दर्ज की। कुल 25 समस्याएं दर्ज होने के बाद 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। साथ ही शेष समस्याओं के निराकरण हेतकु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत भटवाड़ी के सुनील सिंह ने वृद्धाआश्रम खोलने विषयक जानकारी से अवगत कराने की मांग की। ग्राम पंचायत ललूड़ी की निवर्तमान प्रधान प्रशासक शीला भंडारी ने गांव में अनुसूचित जाति बस्ती की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, मरोड़ा गांव के भगत सिंह नेगी ने रेलवे विस्थापित मरोड़ा गांव को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने तथा बरसिर



की निवर्तमान प्रधानध्प्रशासक कविता देवी ने बोसा बरसिर पेयजल योजना पर कमियों की शिकायत दर्ज की। भणगा निवासी राजेश्वर प्रसाद ने आवास विहीन होने की समस्या के चलते तथा नवासू गांव के जीत लाल ने विकलांग कोटे से आवास उपलब्ध कराने की मांग की। मरोड़ा के निवर्तमान प्रधानध्प्रशासक नारायणकोटी के अखिलेश ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन किया था लेकिन बैंक द्वारा उनकी फाइल को जानबूझकर लंबित रखा हुआ है। प्रधान प्रशासक ग्राम पंचायत मरोड़ा ने मरोड़ा, मवांणा रेल विकास निगम की धनराशि से स्ट्रीट सौर लाइट उपलब्ध कराने विषयक मांग रखी। चाका गांव के विजयपाल सिंह ने विगत 10 दिनों से उनके घर पर पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद होने की समस्या से अवगत कराया।

इस तरह उक्त आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कुल 25 समस्याएं दर्ज की गई जिनमें 11 का मौके पर ही निस्तारण किया गया जबकि अन्य शिकायतों को निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि जन संवाद कार्यक्रम में जो भी शिकायतें व समस्याएं दर्ज हो रही हैं उनका निराकरण त्वरित गति से करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी दशा में कोई विलंब न किया जाए। शिकायतों पर की गई कार्यवाही की जानकारी जिला कार्यालय एवं संबंधित शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत करवाया जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज समस्याओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एल–1 पर कुल 97 जबकि एल–2 पर 25 समस्याएं निस्तारण हेतु लंबित हैं। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति में विभिन्न विभागों को दिए गए लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी :

### तहसील जखोली में आज आयोजित होगा तहसील दिवस

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। तहसील जखोली में आज माह फरवरी का प्रथम तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले तहसील दिवस के अवसर पर दर्ज समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया ने बताया कि क्षेत्रीय जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु तहसील सभागार जखोली में 04 फरवरी को प्रातः 11 बजे से तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से निर्धारित तिथि, स्थान व समय के अनुसार आयोजित होने वाले तहसील दिवस में उपस्थित होने की अपील की है।

### नैनीताल, अल्मोड़ा और पौड़ी के किसान पहुंचे चमोली, मशरूम उत्पादन के सीखे गुर

**संवाददाता** चमोली। जनपद चमोली में गैरसैंण ब्लॉक के आदिबद्री, खेती, मालसी और थापली गांव मशरूम उत्पादन के लिए मॉडल विलेज बन गए है। राज्य के अन्य जनपदों के किसान भी इससे प्रेरित हो रहे है। सोमवार को नैनीताल, अल्मोडा और पौड़ी जिले के 25 किसानों ने चमोली के गैरसैंण ब्लाक में मशरूम उत्पादक गांवों का एक्सपोजर विजिट कर प्रशिक्षण लिया। इस दौरान किसानों ने यहां पर मशरूप उत्पादन के लिए नई तकनीकि से बनाए गए टनल और शैड में मशरूम उत्पादन के तौर तरीके सीखें और यहां पर किसानों से मशरूम उत्पादन की जानकारी ली। मास्टर ट्रेनर आलम सिंह ने बाहर से पहुंचे किसानों को प्रशिक्षण दिया। चमोली में मशरूम खेती का एक्सपोजर विजिट कर बाहरी जनपदों के किसानों ने अतिरिक्त आय स्रोत के रूप में इसे अपनाने में रुचि दिखाई। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की पहल पर कृषि और उद्यान विभाग के माध्यम से गैरसैंण ब्लाक की पूरी बेल्ट को मशरूम उत्पादन से जोड़ा जा रहा है।

### पीडब्लूएनसैट ने 2.2 करोड़ रुपये से अधिक के कैश पुरस्कार वितरित किए

**संवाददाता** देहरादून। एजुकेशन प्लेटफॉर्म, फिजिक्सवाला ने पूरे देश में आयोजित नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 2024 में सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 1,581 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। अकेले देहरादून में पीडब्लू ने 18 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। शिक्षा प्राप्त करना आसान बनाने के लिए पीडब्लू ने इस पुरस्कार समारोह में विद्यार्थियों को 2.2 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार वितरित करके उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया। देश में स्कॉलरशिप के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट, पीडब्लूएनसैट में पूरे देश से 15.5 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

## रुद्रप्रयाग में 81 स्वास्थ्य केंद्र में पल्स एनीमिया महाअभियान शुरू

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जनपद रुद्रप्रयाग में पल्स एनीमिया महाअभियान के तहत 81 स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश द्वारा पल्स एनीमिया महाअभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में एनीमिया अथवा खून की कमी से मां के स्वास्थ्य में असर डालने के साथ–साथ शिशु स्वास्थ्य की जटिलताओं का कारण भी बन सकता है, जिसके दृष्टिगत यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि 10 फरवरी तक पल्स एनीमिया महाअभियान के मद्देनजर सभी 81 स्वास्थ्य केंद्रों में महाअभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन निःशुल्क जांच की जाएगी।

उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जनपद की शत–प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच सुनिश्चित करने के साथ–साथ उन्हें एनीमिया से बचाव के बारे में जरूरी जानकारी प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष ने बताया कि जांच में हीमोग्लोबिन कम होने पर संबंधित गर्भवती महिला चिकित्सकों की देखरेख में आयरन सूक्रोज की दवा दी जाएगी। जिसके लिए 13 उपचार केंद्र जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग, सीएचसी अगस्त्यमुनि, पीएचसी दुर्गाधार, खेड़ाखाल, चंद्रनगर, भीरी, सीएचसी जखोली, पीएचसी घेंघड़खाल, रणध ाार, बैनोली, पीएचसी ऊखीमठ, फाटा व गुप्तकाशी में उपचार केंद्र बनाए गए हैं।



### गांधीनगर एवं ओंकारेश्वर वार्ड की दो नाबालिग बालिकाओं की रुकवाई शादी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। चाइल्ड हेल्पलाइन, रुद्रप्रयाग द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ऊखीमठ क्षेत्र के गांधीनगर एवं ओंकारेश्वर वार्ड की दो नाबालिग बालिकाओं की शादी रुकवाई गई। ज्ञातव्य है कि पिछले कुछ समय से जखोली और ऊखीमठ ब्लॉक में नाबालिग बालिकाओं के विवाह की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं जिस पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में ऊखीमठ क्षेत्रांतर्गत नाबालिक बालिकाओं की विवाह की सूचना प्राप्त होते ही वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट, मिशन शक्ति की समन्वयक दीपिका कांडपाल, बाल संरक्षण अधिकारी रोशनी रावत और चाइल्ड हेल्प लाइन के सुपरवाइजर सुरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक अमित पंवार तथा दोनों वार्डों के सदस्यों द्वारा उक्त नाबालिग बालिकाओं के विद्यालयों में जाकर उनकी जन्मतिथि प्राप्त करने के साथ ही उनके परिजनों से बातचीत कर उनको समझाया गया कि नाबालिग विवाह कानूनी अपराध है।

## नगर निकायों के प्रमुख स्थानों पर यूसीसी के होर्डिंग्स लगाने के निर्देश

**संवाददाता**

चमोली। सोमवार को जिला सभागार में समान नागरिक संहिता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आम जनमानस को जागरूक करने के लिए जिला कार्यालय, तहसीलों एवं ब्लॉक कार्यालयों सहित नगर निकायों के प्रमुख स्थानों पर यूसीसी के होर्डिंग्स लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आवेदकों को हर सम्भव सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए।

कहा कि 27 जनवरी 2025 से प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू हो गयी है। यूसीसी में सभी धर्म, समुदाय के सामाजिक अधिकारों में सामंजस्य स्थापित करते हुए उनमें एकरूपता

### समान नागरिक संहिता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

लाने का प्रयास किया गया है। संहिता उत्तराखण्ड के उन निवासियों पर भी लागू होगी जो नियमावली के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों के बाहर निवास करते हैं या उनमें से कोई एक उत्तराखण्ड का निवासी हो।

कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से समान नागरिक संहिता में विवाह, विवाह विच्छेद, सहवासी संबंध के पंजीकरण की अनिवार्यता व उसकी प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही यूसीसी के विधिक प्रावधानों के उल्लंघन के दण्डात्मक परिणामों के बारे बताया गया। बताया कि 26 मार्च 2010 के बाद हुए विवाह का पंजीकरण कराना होगा। यूसीसी लागू होने से पहले हुई शादी का पंजीकरण कराने के 6 माह का समय तथा यूसीसी लागू होने के बाद हुई शादी में 2 माह के अन्दर विवाह का पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण ऑफलाइन या पोर्टलध्सीएससी के माध्यम से किया जा सकता है। सामान्य सेवा के तहत फीस 250 तथा तत्काल सेवा में 2500 रखी गयी है। निर्धारित समय अवधि के पश्चात विलम्ब शुल्क लगेगा। सब रजिस्ट्रार आवेदन प्राप्त होने के 15 दिनों के अन्दर विवाह का पंजीकरण या आवेदन अस्वीकृति आदेश जारी कर सकता है त्वरित सेवा में यह समय सीमा तीन दिन होगी।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उपजिलाधिकारी एसके पाण्डेय व वीपीडीओ उपस्थित रहे।

### विस अध्यक्ष ने प्रखण्ड कोटद्वार के कार्यालय भवन का उद्घाटन किया

**संवाददाता** कोटद्वार। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा में ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड कोटद्वार के कार्यालय का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि नए भवन निर्माण से ग्रामीण निर्माण विभाग को तकनीकी कार्यों के साथ विभागीय प्रबंधन करने में सहायता प्राप्त होगी। साथ ही विभाग अधिकारियों को कार्यालय व्यवस्था व देख– रेख करने का भी आग्रह किया, विधानसभा अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्या के निवारण हेतु कार्य करने की संस्कृति विकसित होनी आवश्यक है। अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने पुनः नवनिर्मित भवन निर्माण से क्षेत्र जनता व ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# अधिकारों का सवाल

**हैरत की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट को जवाब देने में भी राज्य सरकार के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। सरकार का यही कहना था कि ये सब विदेशी हैं और इन्हें फॉरेनर्स ट्राइब्यूनल्स की ओर से विदेशी घोषित कर दिए जाने के बाद ही डिटेंशन सेंटर में भेजा गया है।**

रईस सिंह।।

असम में विदेशी नागरिकों को लंबे समय से डिटेंशन सेंटर में रखे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी कई लिहाज से अहम है। इस मामले में राज्य सरकार का जो रुख सामने आया है, उससे ऐसा लगता है कि वह इन विदेशी नागरिकों के कानूनी और संवैधानिक अधिकारों को लेकर पर्याप्त गंभीर नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के पास आए इसी मामले की बात करें तो 270 लोगों को असम के डिटेंशन सेंटर्स और ट्रांजिट कैंपों में लंबे समय से रखा जा रहा है। अदालत के सामने आए तथ्यों के मुताबिक, इनमें से कुछ लोगों को तो वहां रहते हुए 10 साल हो चुके हैं। स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि आखिर इन्हें वहां क्यों रखा गया है और इन्हें इनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया कहां तक पहुंची है। उसमें इतनी देर क्यों हो रही है?



हैरत की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट को जवाब देने में भी राज्य सरकार के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। सरकार का यही कहना था कि ये सब विदेशी हैं और इन्हें फॉरेनर्स ट्राइब्यूनल्स की ओर से विदेशी घोषित कर दिए जाने के बाद ही डिटेंशन सेंटर में भेजा गया है। लेकिन सरकारी हलफनामे में इन्हें हिरासत में रखने का कोई कारण नहीं बताया गया है, ना ही यह जानकारी दी गई है कि इन्हें स्वदेश भेजने की दिशा में कौन से कदम उठाए गए हैं।

घुसपैठियों पर राजनीति रु इस मसले को अगर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी घुसपैठियों पर तेज हुई राजनीति के संदर्भ में देखें तो कथित घुसपैठियों के खिलाफ कई गैरजिम्मेदार बयान भी देखने को मिल जाते हैं। इससे किसी कारण भारत में रह रहे विदेशियों के खिलाफ नफरत का माहौल बनता है और यह सवाल भी उठता है कि क्या सरकारी अधिकारियों के व्यवहार या फैसले पर उस माहौल का भी प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ रहा है।

शायद इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने इसे रेखांकित करना जरूरी समझा कि देश के संविधान की ओर से दिए गए जीवन के अधिकार की गारंटी यहां रह रहे सभी लोगों के लिए है चाहे वे विदेशी ही क्यों न हों। अवैध तौर पर देश में घुस आए लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई जरूर की जाए, लेकिन इस क्रम में उनके जीवन की गरिमा सुरक्षित रहनी चाहिए।

## स्वप्न शास्त्र



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।**

अगर सपने में आप खुद को अपने प्रेमी के साथ घूमते फिरते हुए देखते हैं, तो यह सपना भी इस ओर इशारा करता है कि आपके लिए जल्द विवाह के योग बनने वाले हैं। अगर कोई लड़की अपने सपने में किसी लड़के को सेहरा बांधे हुए देखती है, तो यह सपना भी इस बात की ओर इशारा करता है कि आपकी शादी जल्द हो सकती है। वहीं अगर कोई लड़का अपने आपको सेहरा बांधे हुए देखता है, तो इसका अर्थ भी यही है कि वह जल्द विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं। स्वप्न शास्त्र के अनुसार, अगर किसी लड़की को सपने में कोई लड़का हाथ में फूल लिए हुए दिखाई देता है, तो इसका मतलब माना जाता है कि आपके लिए कोई रिश्ता आ सकता है। वहीं अगर आप सपने में खुद की शादी लव पार्टनर से होते हुए देखते हैं, तो इसका अर्थ है कि आप दोनों जल्द ही विवाह बंधन में बंधने वाले हैं।

## संपादकीय

### नई चुनौतियाँ

केंद्रीय बजट 2025 ऐसे महत्त्वपूर्ण समय पर आ रहा है, जब भारत की आर्थिक वृद्धि चार वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। अमेरिकी टैरिफ के खतरों और बढ़ते भू–राजनीतिक तनावों सहित वैश्विक अनिश्चितताएँ नई चुनौतियाँ पैदा कर रही हैं। जवाब में, बजट ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की योजना की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें कर छूट, बुनियादी ढांचे के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों पर जोर दिया गया है। शिक्षा ऋण के संदर्भ में, बजट में कुछ वित्तीय संस्थानों से 10 लाख रुपये तक के ऋण पर टीसीएस को समाप्त करने का सुझाव दिया गया है, जिससे छात्रों और उनके परिवारों को प्रक्रिया को और अधिक सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलेगी। सरकार ने समय–समय पर नागरिकों पर कर का बोझ कम किया है। उल्लेखनीय आयकर कटौती, छूट में वृद्धि और स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों के लिए नए प्रोत्साहन शुरू करके, सरकार मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने और लंबे समय में सतत विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद करती है।

हाल ही में पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री ने नए टैक्स सिस्टम के तहत 12 लाख रुपये तक की आय वालों के लिए आयकर खत्म करके मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है।

# मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात

प्रियंका सौरभ।।

केंद्रीय बजट 2025 ऐसे महत्त्वपूर्ण समय पर आ रहा है, जब भारत की आर्थिक वृद्धि चार वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। अमेरिकी टैरिफ के खतरों और बढ़ते भू–राजनीतिक तनावों सहित वैश्विक अनिश्चितताएँ नई चुनौतियाँ पैदा कर रही हैं। जवाब में, बजट ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की योजना की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें कर छूट, बुनियादी ढांचे के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों पर जोर दिया गया है। उल्लेखनीय आयकर कटौती, छूट में वृद्धि और स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों के लिए नए प्रोत्साहन शुरू करके, सरकार मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने और लंबे समय में सतत विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद करती है।

हाल ही में पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री ने नए टैक्स सिस्टम के तहत 12 लाख रुपये तक की आय वालों के लिए आयकर खत्म करके मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। 18 लाख रुपये की आय वाले व्यक्तियों को 70, 000 रुपये की कर छूट का लाभ मिलेगा, जबकि 12 लाख रुपये की आय वालों को 80, 000 रुपये की कर छूट मिलेगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान अपने पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। पहले, केवल 7 लाख रुपये तक की



वार्षिक आय वाले लोगों को आयकर से छूट थी, लेकिन अब यह सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, वेतनभोगी व्यक्तियों को 75, 000 रुपये की मानक कटौती का लाभ मिलेगा, जिसका अर्थ है कि 12.75 लाख रुपये तक की आय वालों को कोई आयकर नहीं देना होगा। हालांकि, इस सीमा से अधिक आय वाले किसी भी व्यक्ति पर अभी भी कर लगेगा।

18 लाख रुपये की सालाना आय वाले व्यक्तियों को 70, 000 रुपये की कर छूट का लाभ मिलेगा, जबकि 12 लाख रुपये की वार्षिक आय वालों को 80, 000 रुपये की कर छूट मिलेगी। ये बदलाव वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्धारित किए गए हैं, जो आकलन वर्ष 2026–27 से मेल खाता है। इसके अतिरिक्त, 2025–26 के बजट में अद्यतन आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को मौजूदा दो साल से बढ़ाकर चार साल करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज आय पर कर कटौती की सीमा को दोगुना करके 1 लाख रुपये करने की योजना शामिल है। सरकार ने आयकर स्लैब और दरों में संशोधन का भी सुझाव दिया। सीतारमण के अनुसार, नए कर ढांचे में 4 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं होगा, 4 लाख 1 से 8 लाख रुपये के बीच की आय पर 5: कर, 8 लाख 1 से 12 लाख रुपये के बीच की आय पर 10: कर, 12 लाख 1 से 16 लाख रुपये के बीच की आय पर 15: कर, 16 लाख 1 से 20 लाख रुपये के बीच की आय पर 20: कर, 20 लाख 1 से 24 लाख रुपये के बीच की आय पर 25: कर और 24 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30: कर लगेगा।

सरकार दरों और सीमाओं की संख्या में कटौती करके स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रणाली को सरल बनाने की योजना बना रही है, जिससे करदाताओं के लिए यह आसान हो जाएगा। उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत विदेश भेजे गए धन पर स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) की सीमा 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, किराए के भुगतान के लिए टीडीएस सीमा को बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे किराये की आय अर्जित करने वाले लोगों और व्यवसायों को कुछ राहत मिली है।

### सूडोकू नवताल- 5351

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5350 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### बचत होगी

**मोहन।** संशोधित आयकर स्लैब और दरों के लाभों को इस प्रकार संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है, 12 लाख रुपये कमाने वाले करदाताओं की कर देयता शून्य हो जाएगी, जिससे उन्हें 80, 000 रुपये की बचत होगी। 16 लाख रुपये की आय वालों को 50, 000 रुपये का लाभ होगा। 18 लाख रुपये कमाने वाले करदाताओं को 70, 000 रुपये की बचत होगी। 20 लाख रुपये कमाने वाले व्यक्तियों को 90, 000 रुपये का लाभ होगा। 25 लाख रुपये की आय वाले करदाताओं को 1, 10, 000 रुपये का लाभ मिलेगा। 50 लाख रुपये कमाने वालों को भी 1, 10, 000 रुपये का लाभ मिलेगा। 2025–26 के आम बजट में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) के लिए न्यूनतम आय सीमा बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज आय पर टीडीएस की सीमा 50, 000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दी गई है। किराये की आय पर टीडीएस की न्यूनतम आय सीमा 2.40 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये सालाना कर दी गई है। इसके अलावा, विदेश में पैसा भेजने के लिए रिजर्व बैंक की उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत, अब 6 लाख रुपये के बजाय 10 लाख रुपये से अधिक की राशि पर टीडीएस लागू होगा।





## नागा चैतन्य–साई पल्लवी की फिल्म को लोगों ने कहा– पुष्पा का बाप

नागा चैतन्य की साउथ फिल्म थंडेल का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह कई सारे चौंकाने वाले सीन्स से भरा हुआ है। नागा चौतन्य और साई पल्लवी की फिल्म थंडेल में पहले कभी नहीं देखा गया एक्शन ड्रामा दिख रहा है, जो एक मछुआरे की कहानी बताता है। उसे अंतरराष्ट्रीय समंदर में पाकिस्तानी सेना पकड़ लेती है। ट्रेलर थंडेलश की दुनिया की एक झलक पेश करता है, जिसमें नागा और साई के ऑन–स्क्रीन रिश्ते, चाहत और उनकी कमजोरियों को दिखाते हैं। दूसरी ओर, इसमें खतरनाक एक्शन से भरपूर सीन्स, संघर्ष और सबकुछ है। जहां नागा और साई लीड रोल में हैं, वहीं संदीप आर वेद विलन के रोल में नजर आएंगे। एक रोमांटिक थ्रिलर होने के अलावा, थंडेल पावरफुल डायलॉग्स, देशभक्ति की भावना और कई सारे इमोशनल सीन्स से भरी हुई है जो दर्शकों को गुड बंप्स दे रही है। ट्रेलर देखकर ही लोग इसे अभी ही ब्लॉकबस्टर कह रहे हैं और 2025 की बड़ी फिल्म बता रहे हैं। कई लोगों के रिएक्शन ने तो ये भी कहा कि ये फिल्म पुष्पा का बाप है। नागा चौतन्य ने अपनी स्क्रीन प्रेजेंस से शो को चुरा लिया है, जबकि साई पल्लवी ने अपने चार्म से हर किसी को बांधे रखा है। नागा चैतन्य और साई पल्लवी की केमेस्ट्री दर्शकों को बहुत पसंद आ रही है।

## इब्राहिम अली खान की डेब्यू फिल्म नादानियां का फर्स्ट लुक रिलीज

सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान जल्द ही करण जौहर की फिल्म से एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं, जिसे लेकर फैंस एक्साइटेड हैं। इब्राहिम ने अपनी डेब्यू फिल्म नादानियां का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है, जिसमें वह खुशी कपूर के साथ नजर आ रहे हैं। इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। लेकिन इससे पहले इब्राहिम अली खान ने अपनी एक शर्टलेस तस्वीर शेयर की, जिसने तहलका मचा दिया है। पर तब हाय–तौबा मच गई, जब इब्राहिम की इस तस्वीर पर रूमर्ड गर्लफ्रेंड पलक तिवारी ने कमेंट कर दिया। इसके बाद तो यूजर्स भी मजे लेने लगे। इब्राहिम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी शर्टलेस मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की और लिखा, मैं इसलिए स्माइल कर रहा हूं क्योंकि मैं आप सभी को अपनी पहली फिल्म की झलक दिखाने के लिए बेसब्र हूं। इस पर पलक ने कुछ रोमांटिक इमोजी बनाए, जिन्हें देख यूजर्स कमेंट करने लगे। एक यूजर ने पलक को भाभी कहा, तो वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, देख रहा है बिनोद, भाभी, भैया के प्यार में फुल लट्टू है।

## एल्विश यादव ने बॉलीवुड में गुटबाजी को लेकर करण जौहर पर कसा तंज



एल्विश यादव इस वक्त न सिर्फ सिलेब्रिटी मास्टरशेफ को लेकर चर्चा में हैं, बल्कि उनका पॉडकास्ट शो भी सुर्खियों में है। हाल ही एल्विश ने अंकिता लोखंडे और विक्की जैन को पॉडकास्ट में बुलाया। इस दौरान उन्होंने अंकिता से बॉलीवुड में गुटबाजी को लेकर एक सवाल किया और बातों–बातों में करण जौहर पर तंज कस दिया। एल्विश यादव ने अंकिता लोखंडे से पूछा था कि क्या फिल्म इंडस्ट्री में कुछ लोग बायस्ड हैं? पक्षपात करते हैं? जवाब में अंकिता ने कहा कि इंडस्ट्री में लोग पक्षपाती नहीं हैं, बस वो अपनी पसंद के लोगों के साथ काम करना पसंद करते हैं। अंकिता ने कहा, पक्षपाती नहीं, लेकिन हां ऐसे लोग हैं जो अपने लोगों को आगे ले जाना चाहते हैं। इंडस्ट्री में गुटबाजी है। इस पर एल्विश ने अंकिता को बीच में रोका और बोले, करण जौहर को ऐसा मत बोलो। पर अंकिता ने तुरंत ही क्लियर किया और कहा कि सिर्फ करण जौहर ही नहीं, हर कोई ऐसा ही है। वह बोलीं, श्मुझे लगता है कि सबके अपने ग्रुप हैं। विक्की जैन ने भी कहा कि लोगों का अपना ग्रुप होता है, जिनके साथ वो काम करना चाहते हैं। शायद इसीलिए वो किसी बाहरी व्यक्ति को मौका नहीं देते। मालूम हो कि करण जौहर पर हमेशा से ही नेपोटिज्म और गुटबाजी को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे है। कहा जाता रहा है कि वह सिर्फ अपने करीबियों और खास लोगों के स्टारकिड्स को ही अपनी फिल्मों में मौका देते हैं।

# मीका के घर पर गुरुचरण सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम गुरुचरण सिंह पिछले दिनों अपनी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण चर्चा में रहे। यह भी खबर आई कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उन्होंने लंबे समय तक खाना–पीना छोड़ दिया था। लेकिन अब उनकी तबीयत ठीक है और वह नए प्रोजेक्ट हासिल करने में जुटे हुए हैं। इस बीच तारक मेहता,,,के रोशन सिंह सोढ़ी यानी गुरुचरण सिंह को सिंगर मीका सिंह का सपोर्ट मिला है। एक्टर ने सिंगर के साथ एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों भांगड़ा वाले बीट पर एक–दूसरे से मुलाकात करते दिख रहे हैं। फैंस भी गुरुचरण सिंह को इस तरह मुस्कुराता हुआ देख काफी खुश हैं और बलाएं ले रहे हैं।

**एक्टर को हंसता-खिलखिलाता देख, उनके फैंस भी हैं खुश**

गुरुचरण सिंह ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर किया है। इसमें गुरुचरण, मीका सिंह से मिलने पहुंचे हैं और वहां उनका स्वागत पूरे पंजाबी स्वैग में होता है। पीछे से ढोल की थाप सुनाई दे रही है। भांगड़ा वाला अंदाज है। वीडियो में गुरुचरण काफी खुश नजर आ रहे हैं, वह सिंगर से फैंस की मुलाकात करवाते हुए कहते हैं, किंग ऑफ किंग मीका सिंह। वीडियो में आगे मीका सिंह कहते हैं, वेलकम बैक सोढ़ी साहब। सिंह हमेशा किंग रहता है। अब आपका ही समय है। हम सब आपके लिए बहुत खुश हैं।

**बीते दिनों गुरुचरण ने छोड़ दिया था खाना-पीना**

बीते दिनों गुरुचरण सिंह की करीबी दोस्त भक्ति सोनी ने खुलासा किया था कि मई 2024 में घर लौटने के बाद से एक्टर की



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)





तबीयत ठीक नहीं है। वह ठीक से भोजन नहीं कर रहे हैं। जबकि कई दिनों से अनाज खान छोड़ दिया है। गुरुचरण ने भी फैंस के साथ अस्पताल से वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने डॉक्टर की रिपोर्ट की जानकारी दी थी।

**पैसे नहीं, नए काम की तलाश में गुरुचरण सिंह**

यह भी खबर आई थी कि गुरुचरण को पैसों की मदद की दरकार है। हालांकि, बाद में भक्ति सोनी ने यह खास तौर पर कहा कि गुरुचरण को पैसे नहीं, बल्कि काम चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि एक्टर को कुछ प्रोजेक्ट्स मिले हैं, जिससे उन्हें मदद मिलेगी। जाहिर है, अब हर किसी को इंतजार है कि गुरुचरण सिंह पर्दे पर कब वापसी करेंगे।

**बीते साल अचानक हो गए थे लापता, महीनों बाद लौटे**

बीते साल गुरुचरण रहस्यमय तरीके से महीनों तक लापता रहे, जिसके बाद उनका परिवार, दोस्त और फैंस, सब परेशान हो गए थे। हालांकि, बाद में वह खुद ही लौट आए और बताया कि वह आध्यात्मिक यात्रा पर चले गए थे।

# पत्नी और गर्लफ्रेंड के बीच फंसे अर्जुन कपूर हर्ष गुजराल ने डाल दी जान



*अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की कॉमेडी फिल्म श्मेरे हसबैंड की बीवीश का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म की कास्ट तो जबरदस्त दिख रही है, साथ ही इसकी कहानी भी हंसी–मजाक से भरी हुई है। दो औरतों के बीच फंसे अर्जुन कपूर की जर्नी पर आपको भी दया सी आएगी।*

अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी मेरे हसबैंड की बीवी में नजर आएंगे। मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज किया और फिल्म की खास झलक देखने को मिली। अर्जुन कपूर ने हाल ही में सिंघम अगेन से वापसी की है और उनके फैंस अब उन्हें एक कॉमेडी फिल्म में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म के ट्रेलर के हिसाब से, श्लव ट्राइएंगल नहीं, सर्कल है। अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह के बीच फंस गए हैं। इसके बाद श्कलेशश की सवारी होती है और हंसी–मजाक के बीच अफरा–तफरी मच जाती है। फिल्म में हर्ष गुजराल और शक्ति कपूर भी हैं।

**मेरे हसबैंड की बीवी की कास्ट**

फिल्म की कास्ट ने हाल ही में पोस्टर शेयर किया था। अर्जुन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्टर शेयर किया और लिखा, खेंचो और खेंचो!!! शराफत की यही सजा तो होती है... कलेश हो या क्लैश, जल्दी तो मुझ जैसा आम आदमी है।

**मेरे हसबैंड की बीवीश के पोस्टर**

भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह ने भी पोस्टर शेयर किए लेकिन एक शर्त के साथ। भूमि ने पोस्टर से रकुल की फोटो हटा दी और उनका नाम लिख दिया, श्कलेश!!! कौन सा कलेश? उन्होंने कैप्शन में लिखा, जो मेरा है...वो मेरा रहेगा...कोई चांद मारने आया...तो कटेगा सिनेमाज में 21 फरवरी। रकुल के पोस्टर में भी यही प्रमोशन स्ट्रैटेजी नजर आई।

**मेरे हसबैंड की बीवी रिलीज डेट**

अर्जुन, भूमि और रकुल की फिल्म 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रकुल प्रीत सिंह अगली बार दे दे प्यार दे 2 में नजर आएंगी। भूमि अगली बार सीरीज श्दलदलश में नजर आएंगी जिसमें वह एक पुलिस वाली का रोल कर रही हैं। वेब सीरीज अगले साल अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी।

# भिंडी का पानी शहद के साथ पीने से मिलते हैं बहुत से फायदे

*खाली पेट अगर आप भिंडी के पानी का सेवन करते हैं तो आप को जरूर काफी सारे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। आइए जान लेते हैं इन लाभों के बारे में।*




**वजन कम करने में सहायक**
बहुत सारे लोग वजन कम करने के लिए काफी अलग अलग तरह की हर्बल ड्रिंक्स या चाय का सेवन करते हैं। अगर आप वजन घटाने के किसी प्राकृतिक तरीके को खोज रहे हैं तो इस पानी का सेवन करना जरूर शुरू कर दें। भिंडी में फाइबर होता है जो आपको काफी समय तक पेट भरा रहने में मदद करता है और भूख नहीं लगने देता। भिंडी शरीर में फैट जमा होने से भी रोकती है। इससे आप को बाहर का खाने की क्रेविंग नहीं होती है। शहद में एक प्राकृतिक मिठास होती है जो आपका मीठा खाने की क्रेविंग को शांत करने में सहायक है।

**पाचन तंत्र में होता है सुधार**
भिंडी में जेल जैसा तत्व होता है और उसमें सॉल्यूबल फाइबर होता है। यह फाइबर अच्छे से खाने को पचाने में मदद करता है और बाउल मूवमेंट में भी मदद करता है और कब्ज होने से आपकी रक्षा करता है। भिंडी में नेचुरल प्रोबायोटिक होते हैं जो पेट में अच्छे बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ाते हैं। इस पानी का सेवन करने से आपको कई तरह की पाचन से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलेगी जैसे डायरिया, इन्फ्लेमेशन आदि। यह पेट, किडनी की सेहत के लिए भी काफी लाभदायक है।

**ब्लड शुगर लेवल को रेग्यूलेट करने में सहायक**
खाली पेट शहद के साथ भिंडी का पानी पीने से ब्लड शुगर लेवल संतुलित होता है। रिसर्च में भी ऐसा देखने को मिला है कि भिंडी में ऐसे कंपाउंड होते हैं जो शुगर के एब्जॉरपशन को धीमा करते हैं और ब्लड ग्लूकोस लेवल में एकदम आने वाले उछाल से आपको बचाते हैं। शहद में भी लो ग्लाइकेमिक इंडेक्स होता है और यह रिफाइंड शुगर के मुकाबले आपके लिए काफी हेल्दी ऑप्शन है। डायबिटीज मैनेज करने वाले लोगों के लिए यह ड्रिंक काफी लाभदायक होने वाली है।

**दिल की सेहत के लिए लाभदायक**
भिंडी में फ्लेवोनॉयड और पोलीफेनॉल जैसे एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो एंटी ऑक्सीडेंट का एक अच्छा स्रोत हैं और इन्फ्लेमेशन और कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में सहायक है। भिंडी में पाया जाने वाला फाइबर कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को शरीर में कम करता है। इससे दिल की बीमारियों का रिस्क कम होता है। भिंडी का सेवन करने से शरीर में फैट फॉर्मेशन भी नहीं होता है। यह आंतों में बाइल प्रोडक्शन को भी रेग्यूलेट करने में मदद करती है। शहद का सेवन करने से आप का ब्लड प्रेशर कम होता है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस भी कम होती है।

**इम्युनिटी मजबूत करने में सहायक**
भिंडी में विटामिन सी होता है जो आपकी इम्युनिटी मजबूत करने में सहायक माना जाता है। इसमें बहुत सारे ऐसे एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो आपके शरीर को इन्फेक्शन से बचा पाने में सहायता करते हैं। शहद में भी एंटी बैक्टीरियल और एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं।





## रोज मेडिटेशन करने से दिमाग रहता है एकदम फिट

सामंथा रुथ प्रभु आज के समय की काफी प्रसिद्ध और सबकी चहेती अभिनेत्री हैं। इन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से साझा किया कि वह अपनी शांति और वेलनेस के रास्ते पर निकल चुकी हैं। अब यह अपनी सेहत पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं और कुछ आसान तरीकों का पालन कर रही हैं। वह माइंडफुलनेस प्राप्त करने के लिए माइंडफुल ब्रीदिंग कर रही हैं ताकि अंदरूनी रूप से शांति प्राप्त कर सकें। वह एक्टिव रूप से मेडिटेशन कर रही हैं और उन्होंने ऐसा करने के लिए अपनी ऑडियंस से भी कहा है। वह सबसे कम से कम 15 मिनट मेडिटेशन करने के लिए कहती हैं। मेडिटेशन करने से आप खुद से जुड़ते हैं और खुद के बारे में और अधिक पता चलता है। आपको खुद ही उन सारे सवालों के जवाब मिलने लगते हैं जो आपके मन में होते हैं। समंथा ने वह जो खुद कर रही हैं उसके बारे में लोगों के साथ इंस्टाग्राम के माध्यम से शेयर किया है लेकिन उन्होंने अपनी ऑडियंस से भी ऐसा ही करने की गुहार की है। आज के समय में जब हर कोई अपने काम में इतना व्यस्त है कि खुद की मानसिक सेहत पर ध्यान देना तो बिल्कुल ही भूल जाते हैं। इसलिए अभिनेत्री ने अपने ऑडियंस को भी यह कहा है कि आप सबको भी रोजाना मेडिटेशन करनी चाहिए। चाहे वह केवल 10 से 15 मिनट के लिए ही क्यों न हो।

# अंजीर खाने के फायदे और नुकसान, कब कैसे कितना खाना चाहिए?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*परमीत कौर, हेड एंड चीफ, न्यूट्रीशनिस्ट और डाइटिशियन, मोरिंगो एशिया अस्पताल, गुरुग्राम के अनुसार, अंजीर खाने से इससे शरीर में इंस्टेंट एनर्जी आती है। कई छोटी–मोटी बीमारियों से लड़ने के लिए अंजीर के सेवन से लाभ पहुंचता है तो वहीं कुछ लोगों को इस ड्राई फ्रूट को अपने आहार में शामिल करने से बचना चाहिए वरना यह नुकसानदेह साबित हो सकता है।*

**नुकसान से पहले जानिए अंजीर के बड़े फायदे**
■*मोटापाः* अंजीर मीठा होता है लेकिन कम कैलोरी वाला, जिससे वजन को कम करने में मदद मिल सकती है।
■*पाचनः* अंजीर में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। परिणाम स्वरूप इसके सेवन से अपच की समस्या दूर होती है।
■*हार्टः* अंजीर खाने हमारा हार्ट भी हेल्दी रहता है। इसमें मौजूद पोटैशियम हृदय रोगों के जोखिम कम करने में सहायक है।
■*ब्लड शुगरः* अंजीर में मौजूद फाइबर ब्लड शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभा सकता है।
■*हड्डियोंः* अंजीर में कैल्शियम अच्छी मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार माना जाता है।

**एलर्जी की समस्या अंजीर का बड़ा नुकसान**
रिसर्च के मुताबिक, अंजीर खाने से कुछ लोगों को स्किन एलर्जी हो सकती है। वहीं जो लोग किसी भी तरह की एलर्जी से ग्रस्त हैं तो उन्हें अपनी डाइट से अंजीर को दूर ही रखना चाहिए वरना उनके सेहत के लिए यह सूखा मेवा नुकसानदायक साबित हो सकता है।





**ज्यादा अंजीर खाने से दांतों में दर्द की समस्या**
अगर आप अधिक मात्रा में अंजीर का सेवन करते हैं तो आपके दांतों में कीड़ा लगने की समस्या हो सकती है। अंजीर के मिठास का कारण इसमें मौजूद नेचुरल शुगर होता है, जिसकी अधिकता दांतों में सड़न और दर्द की समस्या पैदा कर सकता है। अंजीर में ऑक्सलेट होता है, जो आपके शरीर में कैल्शियम का अवशोषण कर लेता है, जिसकी वजह से बॉडी में कैल्शियम की कमी भी हो सकती है। इसलिए अंजीर का सेवन सीमित मात्रा में ही करना ठीक होता है।

**गैस और पेट में दर्द का कारण बन सकता है अंजीर**
अंजीर में फाइबर अत्यधिक होता है, जिसकी वजह से कई बार गैस और पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। ऐसे में जो लोग पहले से ही गैस की समस्या, ब्लोटिंग या कब्ज से परेशान रहते हैं। उन्हें इसे खाने से बचना चाहिए वरना पेट फूलने और सूजन हो सकती है।

**ब्लड शुगर का लेवल बढ़ा भी सकता है अंजीर**
अंजीर में अधिक मात्रा में शुगर मौजूद होता है जो ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ा सकता है। ऐसे में डायबिटीज रोगियों को अंजीर जैसे मीठे ड्राई फ्रूट्स के सेवन से बचना चाहिए। अगर आपको अंजीर खाने का मन है तो ना के बराबर इसका सेवन करें। हो सके तो इसे डाइट में शामिल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**लिवर फंक्शन को धीमा कर सकता है अंजीर**
ज्यादा अंजीर खाने से यह आंतों में फंस सकता है और रुकावट लाने का काम कर सकता है जिसकी वजह से लीवर को भी नुकसान पहुंच सकता है।ह लीवर की बीमारी से पीड़ित मरीजों को भूलकर भी अंजीर नहीं खाना चाहिए या लिवर फंक्शन को धीमा करने का काम कर सकता है और लवर से जुड़ी कई बीमारियों को विकसित कर सकता है।

## नमक में मिलावट क्या होती है? पाचन तंत्र हो सकता है डैमेज

भारत में खाने–पीने की लगभग चीजों मिलावट आम बात है। नमक खाने का सबसे जरूरी हिस्सा है। सीमित मात्रा में नमक का सेवन शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखता है, नसों को ठीक से काम करने में मदद करता है और मांसपेशियों को मजबूत करता है। लेकिन ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए कई बार इसमें मिलावट कर दी जाती है, जिससे यह सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। जब खाने के नमक में कोई अशुद्ध या हानिकारक चीज मिलाई जाती है, तो इसे मिलावट कहते हैं। यह मिलावट वजन बढ़ाने, चमक बढ़ाने या उत्पादन लागत कम करने के लिए की जाती है। लेकिन ऐसा करने से नमक की गुणवत्ता खराब हो जाती है और यह सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। नमक का वजन बढ़ाने के लिए इसमें सफेद पाउडर, चाक, धोने का सोडा, सफेद मिट्टी की मिलावट के जाती है। यह चीजें नमक जैसी दिखती हैं, जिससे पहचानना मुश्किल होता है। इसमें मैग्नीशियम सल्फेट मिलाया जाता है जिससे नमक हल्का कड़वा बन जाता है। इसका ज्यादा सेवन करने से पेट खराब हो सकता है। इसके अलावा इसमें सोडियम बाइकार्बोनेट मिलाया जाता है, जिससे नमक की बनावट बदल जाती है।

## रोजाना भीगे हुए अखरोट खाने के हैं फायदे, डायबीटीज रहेगा कंट्रोल



अखरोट को कच्चा खाने की बजाए अगर भिगोकर खाया जाए तो इसके फायदे कई गुणा बढ़ जाते हैं। इसके लिए रात में 2 अखरोट को भिगोकर रख दें और सुबह के समय खाली पेट इसे खा लें। यकीन मानिए भीगे हुए बादाम खाना जितना फायदेमंद है उतना ही फायदेमंद भीगे हुए अखरोट खाना भी है। भीगा हुआ अखरोट कई बीमारियों से निजात दिलाने में मदद करता है। ब्लड शुगर और डायबीटीज से बचना चाहते हैं तो भीगे हुए अखरोट का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। बहुत सी स्टडीज में यह बात सामने आयी है कि जो लोग रोजाना 2 से 3 चम्मच अखरोट का सेवन करते हैं, उनमें टाइप–2 डायबीटीज होने का खतरा कम हो जाता है। अखरोट ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है जिससे डायबीटीज का खतरा कम हो जाता है। अखरोट फाइबर से भरपूर होता है, जो आपकी पाचन प्रणाली को दुरुस्त रखता है। पेट सही रखने और कब्ज से बचने के लिए फाइबर युक्त चीजें खानी जरूरी है। ऐसे में अगर आप रोजाना अखरोट का सेवन करते हैं, तो आपका पेट भी सही रहेगा और कब्ज भी नहीं होगा। भीगे हुए अखरोट को पचाना भी आसान हो जाता है। अखरोट में ऐसे कई घटक और प्रॉपर्टीज पाए जाते हैं जो आपकी हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाते हैं।



**बेटी के लिए छोड़ा शहर**

परूनिका सिसोदिया के पिता सुधीर सिसोदिया मूल रूप से मेरठ के रहने वाले हैं, लेकिन बेटी को क्रिकेट की बेहतर सुविधाएं दिलाने के लिए परिवार दिल्ली आ गया। पेशे से क्रिकेट कोच सुधीर सिसोदिया यमुना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करते हैं। उन्होंने ही बेटी को क्रिकेट के प्रारंभिक गुर सिखाए और उसकी प्रतिभा को निखारा। डब्ल्यूपीएल 2023 में भी परूनिका सिसोदिया गुजरात जायंट्स का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्हें 10 लाख के बेस प्राइज में टीम से जोड़ा था।

## भारत की जीत में पारूनिका सिसोदिया ने निभाया अहम रोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला अंडर–19 क्रिकेट टीम ने मलेशिया में खेले गए टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस गौरवशाली जीत में 19 वर्षीय प्रतिभाशाली गेंदबाज परूनिका सिसोदिया ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 6 मैचों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 विकेट हासिल किए और सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर रहीं। फाइनल मुकाबले में भी उन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट झटककर दक्षिण अफ्रीकी टीम की कमर तोड़ दी। परूनिका सिसोदिया और उनके पिता सुधीर सिसोदिया ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। सुधीर सिसोदिया ने बताया कि परूनिका सिसोदिया का सफर आसान नहीं था। दो साल पहले डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद उन्हें अंडर–19 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली थी जिससे वह बेहद निराश हो गई थीं। परूनिका सिसोदिया ने बताया, ध्दो साल पहले भारतीय विश्व कप अंडर 19 टीम में चयन न होने से मैं पूरी तरह टूट चुकी थी, लेकिन मेरे पापा ने मेरा हौसला बढ़ाया। उनका सपना था कि मैं भारतीय टीम की जर्सी पहनूं, और उसी सपने को पूरा करने के लिए मैंने कड़ी मेहनत की।

# ड्रेसिंग रूम में चल रहे विवाद की खबरें मात्र झूठ हैं

**क्रिकेट**

## कोच गौतम गंभीर ने किया बड़ा खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को 5 मैचों की सीरीज के आखिरी टी20 मुकाबले में 150 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने इस सीरीज को 4–1 से अपने नाम कर लिया। लेकिन इस सीरीज से ठीक पहले जब टीम इंडिया बॉर्डर–गावस्कर सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में थी तो उस वक्त ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के बीच विवाद की खबरें सामने आई थीं। उस सीरीज के दौरान हर मैच के दौरान खिलाड़ियों के कोच गौतम गंभीर के साथ विवाद की बातें निकल कर आ रही थीं। लेकिन अब कोच गंभीर ने इन बातों से पर्दा उठा दिया है।

गंभीर ने भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए 5वें टी20 के बाद केविन पीटरसन से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, श्ये खिलाड़ी एक–दूसरे के साथ काफी क्रिकेट खेल चुके हैं। पहले भी इस तरह की अफवाहें उड़



चुकी हैं। जब भी टीम इंडिया का प्रदर्शन खराब होता है, तो ड्रेसिंग रूम को लेकर कई तरह की बातें बनाई जाती हैं। लेकिन जैसे ही हम जीतने लगते हैं, सब कुछ पहले की तरह सामान्य हो जाता है।

गंभीर के इस बयान से साफ है कि बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के बाद हेड कोच गौतम गंभीर, कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पर जो भी सवाल खड़े हुए थे वो सब झूठ था और टीम इंडिया के माहौल में कोई भी दिक्कत नहीं है। इस सीरीज के चौथे मुकाबले में शिवम दुबे के हेलमेट पर गेंद लगने के बाद हर्षित राणा को मैदान पर उतारा गया था, जिसके बाद खूब बवाल हुआ। अब इस मामले पर भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने भी अपनी सफाई दी है। गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में कन्कशन सब्सटीट्यूट रूल के बवाल पर भी अपनी चुप्पी तोड़ी। पुणे में खेले गए चौथे टी20 में जैसे ही भारतीय टीम ने बतौर कन्कशन सब्सटीट्यूट हर्षित राणा को मैदान पर उतारा तो इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर अच्छे खासे नाराज हो गए थे।

ऐसे में 5वें टी20 के बाद जब गौतम गंभीर से बातचीत के दौरान केविन पीटरसन ने पूछा कि कन्कशन सब्सटीट्यूट पर उनकी क्या राय है। तो इस बात को गंभीर ने मजाक में उड़ा दिया और कहा कि आज वो (शिवम दुबे) पक्का चार ओवर फेंक देता। 5वें टी20 में शिवम दुबे ने 2 ओवर गेंदबाजी की और इस दौरान उन्होंने 2 विकेट भी अपने नाम किए थे।

# भारत–पाकिस्तान मैचों के लिए खुलने वाली है टिकटों की खिड़की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को है मैच

दुबई। आईसीसी ने कहा कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के तीन ग्रुप–स्टेज मैचों और दुबई, यूएई में होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार शाम से शुरू हो गई। चार मैचों के टिकट सोमवार को खाड़ी मानक समय (जीएसटी) के अनुसार शाम 4 बजे से खरीदे जा सकेंगे, जो भारतीय समय के अनुसार शाम 5रू30 बजे होगा। आईसीसी ने कहा कि दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सामान्य स्टैंड टिकट की कीमत 125 दिरहम (लगभग 2964 भारतीय रुपये) से शुरू होगी और आधिकारिक टिकटिंग वेबसाइट पर ऑनलाइन खरीदी जा सकती है।

आईसीसी ने आगे कहा कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले 10 चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के टिकट, जो पिछले सप्ताह बिक्री के लिए उपलब्ध थे, अब ऑनलाइन खरीद के लिए उपलब्ध हैं। बयान में कहा गया है– पाकिस्तान में होने वाले मैचों के लिए पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के टिकट खरीदने के इच्छुक प्रशंसकों के लिए सोमवार 3 फरवरी से 16रू00 पाकिस्तान मानक समय (पीएसटी) पर पाकिस्तान के 26 शहरों में 108 टीसीएस केंद्रों पर खरीद के लिए उपलब्ध हैं।


आईसीसी ने यह भी कहा कि 9 मार्च को खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के टिकट दुबई में पहले सेमीफाइनल के समापन के बाद खरीदे जा सकेंगे। दो सप्ताह की प्रतियोगिता में शीर्ष आठ टीमें पाकिस्तान और यूएई में 19 दिनों में 15 मैच खेलेंगी। ग्रुप ए में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जबकि ग्रुप–बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

मेजबान पाकिस्तान 2017 में इंग्लैंड में आखिरी बार खिताब जीतने के बाद गत विजेता के रूप में प्रतियोगिता में प्रवेश करता है। वे 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2025 टूर्नामेंट की शुरुआत करेंगे। यह टूर्नामेंट 1996 में पुरुषों के वनडे विश्व कप के बाद से पाकिस्तान द्वारा आयोजित पहली वैश्विक क्रिकेट प्रतियोगिता भी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी में दो सबसे सफल टीमें हैं, जिन्होंने इसे दो बार जीता है।

## अंग्रेजों का भुर्ता बनाने में बाद अभिषेक शर्मा की दहाड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय में रिकॉर्ड तोड़ शतकीय पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को कहा कि भारतीय कोच और कप्तान उनसे ऐसे रवैये के साथ बल्लेबाजी की उम्मीद करते हैं। श्प्लेयर ऑफ द मैचश अभिषेक की 54 गेंद में 135 रन की पारी के दम पर भारत ने नौ विकेट पर 247 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को 10.3 ओवर में महज 97 रन पर आउट कर 150 रन की बड़ी जीत दर्ज की। भारत के लिए इस प्रारूप में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने के बाद अभिषेक ने कहा, आज मेरा दिन था तो मैंने पहली ही गेंद से आक्रमण शुरू कर दिया था। मैं कोच और कप्तान का आभार जताना चाहूंगा कि उन्होंने मेरे खेलने के तरीका का समर्थन किया।श इस 24 साल के वामहस्त बल्लेबाज ने कहा,श्वे मुझ से ऐसे ही रवैये की उम्मीद करते हैं। उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है।

## न्यूज डायरी



### प्रज्ञानानंद ने जीता टाटा स्टील चेस के मास्टर्स का खिताब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट 2025 के मास्टर्स सेक्शन में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर अपना पहला खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद गुकेश का यह पहला टूर्नामेंट था। प्रज्ञानानंद और गुकेश दोनों 8.5ध्13 अंकों के साथ मास्टर्स लीडरबोर्ड में शीर्ष पर थे। इस बराबरी को तोड़ने के लिए टाईब्रेकर खेला गया। यह मुकाबला बेहद नाटकीय रहा। गुकेश ने प्रज्ञानानंद की एक गलती का फायदा उठाकर पहला गेम जीत लिया। लेकिन प्रज्ञानानंद ने हार नहीं मानी। दूसरे गेम में, प्रज्ञानानंद ने ट्रॉम्पोवस्की ओपनिंग का इस्तेमाल किया। उन्होंने बड़ी ही सूझबूझ से खेलते हुए मुकाबले को सडन डेथ तक पहुंचाया। श्सडन डेथश के मुकाबले में गुकेश ने क्वीन साइड पर बेहतरीन खेल दिखाते हुए बढ़त बना ली थी। उनके पास एक प्यादा ज्यादा था। समय के दबाव और कमजोर एंडगेम स्थिति के बावजूद, प्रज्ञानानंद ने अपना ध्यान केंद्रित रखा। उन्होंने अपने तकनीकी कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। दबाव बढ़ने के साथ, गुकेश ने नियंत्रण खो दिया। उन्होंने एक प्यादा और अपना आखिरी नाइट गंवा दिया। हार निश्चित देखकर गुकेश अपनी कुर्सी पर पीछे झुक गए। उनका सिर झुका हुआ था और चेहरे पर निराशा साफ दिखाई दे रही थी। प्रज्ञानानंद ने अपने संयम और सटीक तकनीक से पूरा अंक हासिल किया। यह मास्टर्स स्तर पर उनकी पहली जीत थी। गुकेश के लिए यह एक मिले–जुले अनुभव वाला पल था।

### भारत को मिली जीत पर अमिताभ बच्चन ने कैसे जाहिर की खुशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में आसान जीत हासिल की। अभिषेक शर्मा के बल्ले से 135 रनों की पारी निकली। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर भारतीय टीम को सपोर्ट करने कई बड़े सेलिब्रिटी और बिजनेस मैन पहुंचे थे। भारत के सभी धनी मुकेश अंबानी के साथ बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन, उनके बेटे अभिषेक बच्चन, मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान भी वानखेड़े स्टेडियम में नजर आए। भारतीय टीम को मैच में 150 रनों की बड़ी जीत मिली। अमिताभ बच्चन ने स्टेडियम में इसका जोरदार जश्न मनाया। मैच के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भी खुशी व्यक्त की। अमिताभ ने लिखा– क्रिकेट.. इंडिया अे इंग्लैंड... धो डाला , नहीं नहीं पछाड़ दिया, धोबी तलाओ में सीखा दिया गोरे को, की क्रिकेट कैसे खेला जाता है। 150 रनों से मारा। भारत को मिली जीत के साथ अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन ने कैफे मद्रास में दक्षिण भारतीय व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मैच के बाद, दोनों स्वादिष्ट दक्षिण भारतीय व्यंजनों का लुत्फ उठाने के लिए मुंबई के माटुंगा में कैफे मद्रास गए। दिग्गज अभिनेता को कैफे के बाहर इक्ट्ठा हुए फैंस की ओर हाथ हिलाते हुए देखा जा सकता है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इंग्लैंड को टी20 सीरीज में रौंदने के बाद अब टीम इंडिया वनडे सीरीज की तैयारी कर रही है। 3 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 6 फरवरी से होगा। अगस्त के बाद भारतीय टीम वनडे मुकाबला खेलेगी। इसी महीने चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत भी हो रही है।

### बांग्लादेश में बस ड्राइवर की दादागिरी देख आ जाएगा रोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश प्रीमियर लीग में आए दिन कोई न कोई बवाल हो रहा है। लीग पर मैच फिक्सिंग के आरोप लग रहे हैं। इस बीच खिलाड़ियों को सैलरी नहीं मिलने का मुद्दा गरमा गया है। दरबार राजशाही टीम के खिलाड़ियों को अभी तक सैलरी नहीं मिली है। पाकिस्तान के मोहम्मद हारिस, अफगानिस्तान के अफताब आलम, जिम्बाब्वे के रयान बर्ल जैसे खिलाड़ी अपने पेमेंट का इंतजार कर रहे हैं। कुछ खिलाड़ियों को सैलरी का 25 प्रतिशत मिला है तो कुछ को एक पैसा अभी तक नहीं दिया गया है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ खिलाड़ियों को ही पैसा नहीं मिला है। टीम को एक शहर से दूसरे शहर तक ले जाने वाली बस के ड्राइवर को भी पैसे नहीं दिए गए हैं। ड्राइवर ने खिलाड़ियों की किट ही बस में लॉक कर दी। खिलाड़ी के लिए अजीब सी स्थिति बन गई। ड्राइवर ने साफ कर दिया कि बचे हुए पैसे जब तक नहीं मिलते हैं, वह खिलाड़ियों के किट बैग नहीं खोलेगा।

पेज थ्री देहरादून
हमारा दून



आटीबीपी के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मंत्री बहुगुणा।

# किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराये अधिकारी

**निर्देश**

■ गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नव चयनित गन्ना पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

■ गन्ने की फसल को रेड रौट रोग से हुई हानि एवं विभाग द्वारा किये गये सुरक्षा उपायों पर की बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सोमवार को नव चयनित गन्ना पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण तथा राज्य में गन्ने की फसल को रेड रौट रोग से हुई हानि एवं विभाग द्वारा किये गये सुरक्षा उपायों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

गन्ना विकास मंत्री ने कहा कि बहुत समय से गन्ना बाहुल्य क्षेत्रों जैसे उद्यमसिंह नगर तथा हरिद्वार में गन्ना पर्यवेक्षकों की कमी देखी जा रही थी जिसको देखते हुए गन्ना विकास विभाग में सोमवार को 70 गन्ना पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि गन्ना पर्यवेक्षकों के पदों को भरे जाने के फलस्वरूप गन्ना विकास विभाग के कार्यों के निष्पादन में तेजी आयेगी तथा अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ भी किसानों को ससमय मिल पायेगा।

मंत्री ने कहा कि काशीपुर, नादेही और बाजपुर में रेड रौट फंग्स के कारण गन्ने की फसल को बहुत ज्यादा नुकसान देखने को मिला है, जिसका असर कई चीनी मिलों मुख्यतः नादेही, बाजपुर और हरिद्वार स्थित कुछ चीनी मिलों पर भी पाया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र को देखते हुए बीज वितरण तथा किसानों को रेड रौट फंग्स के बारे में जागरूक करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में गन्ना किसानों द्वारा अधिक उपयोग में लाया जाने वाला गन्ने का बीज '0238' रेड रौट फंग्स से सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने गन्ने के बीज '0238' को रिप्लेस करने, क्रॉप रोटेशन तथा किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रेड रौट फंग्स की रोकथाम हेतु पन्तनगर विवि द्वारा गन्ना बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वे कराया गया है जिसकी रिपोर्ट के अनुसार ही किसानों को उत्तम बीज उपलब्ध कराये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

बैठक में सचिव गन्ना विकास, रणवीर सिंह चौहान, आयुक्त गन्ना विकास, चन्द्र सिंह धर्मसतू तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम की 'सारथी' पंहुचा रही है, दिव्यांग एवं बजुर्गों को मदद

**शुभारंभ**

■डेडिकेटेड वाहन ''सारथी'' जनमानस को समर्पित, लाभार्थी से कराया शुभारंभ, गंतव्य तक छोड़ा



**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने सोमवार को बुजुर्ग एवं दिव्यांग जनों की सहायतार्थ वाहन ''सारथी'' का लाभार्थी दिव्यांग महिला को गंतव्य तक पंहुचाकर विधिवत् शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दिव्यांग महिला नीता रानी जो बालवाड़ी में बस्तियों के बच्चों को साक्षर कर मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है को बालवाड़ी निर्माण हेतु 01 लाख रू0 सहायता चौक दिया। उन्होंने इस कार्य को और अधिक वृहद्स्तर पर करने की अपेक्षा की।

जनता दरबार तथा अन्य कार्य दिवसों में अपनी फरियाद लेकर आने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग फरियादियों जिनकी शिकायत पुलिस, विकासभवन तथा अन्य कार्यालयों से निस्तारण किया जाना है के परिवहन तथा गंतव्य स्थल तक पंहुचाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा नए इलैक्ट्रिक वाहन का क्रय गया है, जिसे ''सारथी'' नाम दिया गया है वह कलेक्ट्रेट के मुख्यद्वार पर खड़ा है। इससे पूर्व डीएम द्वारा कलेक्ट्रेट के वाहन से फरियादियों को गंतव्य स्थल तक छुड़वाया जाता था अब इसके लिए डेडिकेटेड वाहन ''सारथी'' तैनात किया गया है, जिसमें बुजुर्ग एवं दिव्यांग फरियादियों की सहायतार्थ स्टॉफ भी है। वहीं विगत सप्ताह आयोजित जनता दर्शन प्रेमनगर निवासी दिव्यांग महिला नीतू रानी ने अपने अनुरोध में डीएम को बताया था कि वह 18 वर्षो से झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को शिक्षित कर रही है तथा अब तक 2500 बच्चों को शिक्षित कर चुकी हैं। प्रेमनगर में बांस से बनी बालवाड़ी के मरम्मत हेतु रू0 60 हजार की आर्थिक सहायता का अनुरोध किया जिस डीएम ने मौके पर सीएसआर फंड से रू0 1 लाख की स्वीकृति दी थी, आज महिला को डीएम ने 01 लाख का चौक दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु हरसंभव सहायता की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएस ने प्रस्तावों के समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी (यूएसडीए) की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में हल्द्वानी में प्रशासनिक व बस टर्मिनल बिल्डिंग (एसबीटी), सड़क चौड़ीकरण, विकास एवं सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव, स्टोर्म वाटर ड्रैनेज सिस्टम, आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रेफिक मेनेजमेंट सिस्टम ) के डीपीआर को अनुमोदन दिया। इसके साथ ही सीएस श्रीमती रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में 12 शहरों के विकास के लिए उत्तराखण्ड सरकार के माध्यम से 500 मिलियन डॉलर के पीपीआर को आर्थिक मामलों के विभाग, भारत सरकार को प्रेषित करने हेतु अनुमोदन दिया। मुख्य सचिव ने अनुमोदित प्रस्तावों के समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

### भू कानून और मूल निवास के मुद्दे पर रीजनल पार्टी का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने सख्त भू कानून और मूल निवास 1950 लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय पार्क में धरना दिया। प्रदर्शन कर नारेबाजी की। नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह रावत के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि उत्तराखंड सरकार मजबूत भू–कानून को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं दिखाई दे रही है।

### कंपनियों के कर्मचारियों को समय से वेतन जारी करवाए नगर निगम

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम से डोर टू डोर कूड़ा उठान के लिए अनुबंधित कंपनी वाटरग्रेस के सफाई वाहन चालक और हेल्परों को नगर निगम समय से वेतन जारी करवाना सुनिश्चित करे। यह निगम की जिम्मेदारी है कि कंपनियों और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक राजकुमार ने सोमवार को नगर आयुक्त नमामी बंसल से वार्ता के दौरान कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करने के बाध्य होना पड़ेगा।

### युवाओं को साहसिक खेलों में दिया जायेगा प्रशिक्षण

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आईटीबीपी द्वारा कौशल विकास विभाग में युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि कौशल विकास विभाग तथा आईटीबीपी द्वारा प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध किये जाने हेतु कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है जिसमें आईटीबीपी द्वारा युवाओं को राफ्टिंग एवं माउंटेनियरिंग जैसे साहसिक खेलों में प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार भी प्रदान किया जायेगा। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस तरह की यह पहली पहल की जा रही है, जिसमें युवाओं को प्रशिक्षण के साथ–साथ रोजगार भी उपलब्ध किये जाने के लिए विभाग आईटीबीपी के साथ पहल कर रहा है। मंत्री ने कहा कि इस पहल से प्रदेश के युवाओं को राफ्टिंग एवं माउंटेनियरिंग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे, साथ ही इससे साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में भी रोजगार उत्पन्न करने के अवसर प्राप्त होंगे।

### पदक विजेताओं के नाम पर रूद्राक्ष के 1600 पेड़ लगेंगे

**संवाददाता** देहरादून। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के समीप स्थित वन विभाग की 2.77 हेक्टेयर जमीन को जल्द नई पहचान मिलने जा रही है। यह पहचान खेल वन के रूप में होगी। राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले 1600 खिलाड़ियों के नाम से यहां पर रूद्राक्ष के पेड़ लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय खेल सचिवालय की दस फरवरी को यहां पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर ग्रीन गेम्स का प्रभावी संदेश देने की तैयारी है।

38वें राष्ट्रीय खेलों की थीम ग्रीन गेम्स की रखी गई है। उत्तराखंड सरकार ने हरित पहल करते हुए राष्ट्रीय खेलों में कई कदम ऐसे उठाए हैं, जिनकी पूरे देश में चर्चा हो रही है। इस क्रम में पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में उनके नाम से पौधा रोपने का कार्यक्रम भी शामिल है। राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड सरकार की हरित पहल की सराहना की थी। दस फरवरी को यहां पर आयोजित कार्यक्रम में खेल वन का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे।

### चार धाम यात्रा तैयारियों को पांच फरवरी को बैठक

**संवाददाता** देहरादून। चारधाम यात्रा 2025 की तैयारियों को चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन की बैठक पांच फरवरी को ऋषिकेश में होगी। नगर निगम स्वर्ण जयंती सभागार ऋषिकेश में कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में चारधाम यात्रा की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।